भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या †1150**
उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**राष्ट्र निर्माण हेतु कौशल प्राप्त युवा नेता**

**†1150. श्रीमती कमलेश जांगड़े:**
**श्री सुरेश कुमार कश्यपः**
**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) युवा नेताओं को विशेषकर हिमाचल प्रदेश में राष्ट्र निर्माण हेतु अपेक्षित कौशल से लैस करने हेतु वार्ता के अंतर्गत प्रस्तावित विशिष्ट कार्यक्रमों अथवा कार्यशालाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह वार्ता वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के लक्ष्य के अनुरूप है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश राज्यों से राष्ट्र निर्माण के लिए अपेक्षित कौशल से लैस किए जाने वाले युवाओं की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ): राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एनवाईएफ) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित राष्ट्रीय युवा किशोर विकास कार्यक्रम (एनपीवाईएडी) स्कीम के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इस वर्ष, एनवाईएफ का पुनर्गठन किया गया है और इसे विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी) कहा गया है। वीबीवाईएलडी-2025 एनवाईएफ मंच को व्यापक बनाने और युवाओं से अधिक गहनता से जुड़ने का एक प्रयास था। यह सार्वजनिक मामलों में 1 लाख युवाओं को शामिल करने, उन्हें विकसित भारत के लिए राष्ट्रीय विकास और नेतृत्व का एक सार्थक क्षेत्र बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के प्रधान मंत्री के स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिकोण के साथ जुड़ने का एक प्रयास था। इस डायलॉग में युवाओं को विकसित भारत के विभिन्न पहलुओं के बारे में लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डायलॉग ने उन्हें बड़े सपने देखने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

वीबीवाईएलडी-2025 हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों सहित देश भर में 30 लाख प्रेरित युवाओं को एक साथ लाया; 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रतिभागिता हेतु कुल लगभग 2500 उत्साही युवा चयनित किए गए थे: एक योग्यता-आधारित, बहु-मंचीय प्रक्रिया के माध्यम से 10 से 12 जनवरी, 2025 तक विकसित भारत युवा नेता डायलॉग 2025 आयोजित किया गया, जो भारत के 15-29 आयु वर्ग के युवाओं का प्रतिनिधित्व करता है। डायलॉग से निकली प्रस्तुतियाँ माननीय प्रधान मंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गईं। वीबीवाईएलडी-2025 एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के रूप में उभरा, जो अगली पीढ़ी के नेताओं, नवप्रवर्तकों और विचारकों को बढ़ावा देगा जो भारत के विकास को आगे बढ़ाएंगे।

विकसित भारत ट्रैक और ट्रेडिशनल ट्रैक के चयनित प्रतिभागी, युवा इनोवेटर्स, स्वयंसेवक आदि वीबीवाईएलडी 2025 का हिस्सा बने। इसके अतिरिक्त, 6 करोड़ से अधिक युवाओं और अन्य लोगों ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से इस कार्यक्रम को देखा।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी) के अंतर्गत युवाओं के लिए कोई विशिष्ट कार्यक्रम या कार्यशाला आयोजित नहीं की गई। तथापि, वीबीवाईएलडी के भाग के रूप में, विकसित भारत चैलेंज को चार चरणों अर्थात विकसित भारत क्विज़; विकसित भारत निबंध; विकसित भारत पीपीटी चैलेंज और विकसित भारत चैंपियनशिप 12 जनवरी, 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

विकसित भारत चैलेंज के दौरान चर्चा के दस विषय थे:

I. विकास भी, विरासत भी
II. महिलाओं को सशक्त बनाना और सोशल इंडिकेटर्स में सुधार करना
III. विकसित भारत के लिए तकनीक
IV. भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनाना
V. भविष्य के लिए अवसंरचना का निर्माण
VI. कृषि में उत्पादकता बढ़ाना
VII. भारत को पूर्णतः सस्टेनेबल भविष्य की ओर ले जाना
VIII. विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना
IX. भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी बनाना
X. भारत को एक स्पोर्टिंग और फिट राष्ट्र बनाना।

"विकसित भारत 2047" एक पहल है जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक एक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की आकांक्षा को साकार करना है।

*****